
# सुरक्षित और असुरक्षित मेल-जोल



आदिल को इंटरनेट पर नए लोगों से मिलना और नई चीज़ें देखना पसंद है, लेकिन उसे पता है कि ऑनलाइन सुरक्षित रहना बहुत ज़रूरी है। दोस्तों से जुड़ते हुए और नए परिचय बनाते हुए, वह सुनिश्चित करना चाहता है कि वह इन इंटरेक्शन्स और बातचीत को समझदारी से संभाल पाएगा। उसे आपकी मदद की ज़रूरत है, ताकि वह यह सीख सके कि कौन भरोसेमंद और दोस्ताना है और कौन उसके हितों का ध्यान नहीं रखता!

कल्पना करें कि इंटरनेट एक बड़ा शहर है, जहां अलग-अलग जगहें हैं, और हर जगह का अपना उद्देश्य है, जैसे ऑफलाइन जीवन में होता है। इन जगहों को समझना आपको यह तय करने में मदद करता है कि कहां जाना है और किसके साथ बातचीत करनी है।





और ठीक किसी शहर की तरह, यहां भी जोखिम हैं: ऑनलाइन लोग असभ्य हो सकते हैं, आपको धोखा देने की कोशिश कर सकते हैं, या आपकी व्यक्तिगत जानकारी चुरा सकते हैं। यहीं पर आपकी अंदरूनी सतर्कता काम आती है – ऑनलाइन खतरों को समझकर और उनके संकेतों को पहचानकर, आप सुरक्षित रह सकते हैं।


# सुरक्षित और असुरक्षित मेल-जोल

amazon future engineer


क्या आप आदिल के अनुभवों को देख सकते हैं और पहचान सकते हैं कि किन सन्दर्भों में वो सुरक्षित है, और किन में असुरक्षित? क्या कोई ऐसी स्थितियाँ हैं, जो फिलहाल असुरक्षित नहीं हैं, लेकिन उनमे आदिल को सतर्क रहना चाहिए?



असुरक्षित



सतर्कता ज़रूरी



सुरक्षित

किसी ने आदिल को मुफ्त हेडफ़ोन देने के लिए मेसेज किया।

आदिल और उसके सहपाठी ने विनम्रता से एक दुसरे के साथ फिल्म की सिफारिशें साझा कीं।

आदिल की चचेरी बहन ने उसे अपना नया फोन दिखाने के लिए वीडियो कॉल किया।

आदिल का पड़ोसी उससे तुरंत उसका आधार नंबर और उसके पिता के बैंक विवरण साझा करने की मांग कर रहा है।

आदिल के कुछ सहपाठी उसे बुरे मेसेज भेजते हैं, कहते हैं कि वह बेकार है और उसे स्कूल आना बंद कर देना चाहिए।

अपने माता-पिता की देखरेख में ऑनलाइन मल्टीप्लेयर गेम खेलते समय, श्री लंका के एक खिलाड़ी ने, लड़ाई के दौरान उसकी मदद की!

आदिल का सोशल मीडिया फॉलोवर उसे रोज़ 2 बजे पास के पार्क में मिलने के लिए कहता है और यह बात अपने परिवार से छिपाने को कहता है।

आदिल का जानकार उसके दोस्त के राज़ बताने के लिए उस पर दबाव डाल रहा है।

कोई जिसे आदिल अच्छी तरह से नहीं जानता, अचानक बहुत दोस्ताना व्यवहार करता है, और उसके बारे में पहले से ही बहुत कुछ जानता है।

आदिल का पारिवारिक मित्र उसे कारण बताए बिना किसी दूसरे एप पर मेसेज करने को कहता है।

# संदेहजनक क्या है, जानें!

amazon future engineer




## डिजिटल जासूस अकादमी में शामिल हों!

चलो, जासूस बनकर देखते हैं! आज हम सीखेंगे कि संदेहजनक ऑनलाइन व्यवहार को कैसे पहचानें। याद रखना: हर कोई धोखा नहीं देता, पर खतरे के संकेत पहचानने से हम सुरक्षित रह सकते हैं!

### ऑनलाइन लोगों से बात करते समय इन व्यवहारों से बचें::



- जल्दबाज़ी में फैसला लेने के लिए दबाव डालना
- ऐसी चीज़ें देने का वादा करना जो नामुमकिन हो!
- पैसे या प्रसिद्धि के बड़े-बड़े वादे करना
- किसी का यह कहना कि आपका उनसे कोई खास रिश्ता है
- लोगों को ऑनलाइन ग्रुप या गेम से बाहर करना



- अफवाहें फैलाना या निजी जानकारी शेयर करना
- माता-पिता/विश्वसनीय बड़ों से राज़ रखने को कहना
- निजी जानकारी या फोटो माँगना
- किसी की दिखावट, व्यवहार या बोलने के तरीके पर बुरी टिप्पणियाँ देना
- धमकी भरे संदेश भेजना





## चालबाज़ को पहचाने??

क्या आप आदिल के पिछले महीने के कुछ चैट्स पढ़कर सारे धोखे पहचान सकते हैं

**चैट 1**

कूल_गेमर123: क्या तुमने नया सुपरक्वेस्ट गेम लिया?

आदिल: नहीं, पैसे बचा रहा हूँ!

मैं फ्री कॉपी दिला सकता हूँ!

पर किसी को बताना मत, यह हमारे बीच का खास राज़ है

शिपिंग के लिए तुम्हारे घर का पता क्या है?

**चैट 2**

नंदन: क्या किसी ने गणित का होमवर्क कर लिया?

आदिल: मैं 4 बजे करूंगा!

अनु: कोई नंदन की मदद मत करो! वो कितना बेवकूफ है...

जतिन: हाँ, उसे गलत जवाब देते हैं🤣

नंदन: प्लीज बंद करो...

अनु: टीचर को बताओगे क्या?🤣

**चैट 3**

बिल्डमास्टर_काई: आज की बिल्डिंग चैलेंज में आपका स्वागत है

आदिल: हाय! मैं पहली बार जुड़ रहा हूँ

डेविड: स्वागत है! आज हम ट्रीहाउस बना रहे हैं

आदिल: मुझे यह नही आता!

अर्जुन: चिंता मत करो! मैं कुछ टिप्स बताऊंगा...

# सुरक्षित और असुरक्षित मेल-जोल

amazon future engineer

## संदेहजनक प्रोफाइल पहचानें

आप एक निडर 'पहचान जासूस' हैं! आपका काम है संदेहजनक प्रोफाइल का भेद खोलना! नीचे दी गई प्रोफाइल को देखें और खतरे के संकेत वाली प्रोफाइल को पहचानें। आपको यह संदेहजनक क्यों लगे?





@सारा भट्ट

प्राइवेट अकाउंट

📖 सेंट्रल हाई स्कूल. '27

💁 जियो. प्यार करो. हँसो!

किताबें पढ़ना, गाने गाना!



@रोबोट गेमर2050

पब्लिक अकाउंट

बीप बीप बूप बूप! मुफ्त कॉइन्स के लिए DM करो!!!!!!!

🕹️ 🎮




@मनीबैग्सगेटरिचर78_

पब्लिक अकाउंट

पैसे भेजो! जल्दी अमीर बनो!!!! स्टूडेंट्स के लिए बढ़िया मौका!!!!!!

🛒 🛍️



@मीना माथुर2020_

पब्लिक अकाउंट

📌 नई दिल्ली / न्यूयॉर्क

एक के बाद एक कदम


यहां एक चेकलिस्ट है जो आपको इंटरनेट पर सुरक्षित और समझदारी से निर्णय लेने में मदद करेगी। जब भी आप किसी नए प्रोफ़ाइल को देखें या किसी अजनबी से संदेश प्राप्त करें, इस सूची का उपयोग करें। अगर किसी भी प्रश्न का जवाब हाँ है, तो समझें कि खतरा है!

- प्रोफ़ाइल की जानकारी: क्या प्रोफ़ाइल में बहुत कम जानकारी है या ऐसा लगता है कि इसे जल्दबाज़ी में बनाया गया है?
- दबाव डालने वाले संदेश: क्या वे संदेशों में आपसे पैसे या व्यक्तिगत जानकारी मांग रहे हैं, या आप पर कुछ करने के लिए दबाव दाल रहे हैं?
- गलत जानकारी: क्या प्रोफ़ाइल की जानकारी मेल नहीं खा रही है (जैसे, खुद को छात्र बताना लेकिन व्यापारिक सौदे पेश करना)?
- बड़े-बड़े वादे: क्या प्रोफ़ाइल "मुफ़्त" चीज़ें, पैसे या ऐसे अवसर दे रही है जो अविश्वसनीय लग रहे हैं?

# अपनी सुरक्षा की देखभाल

असुरक्षित स्थितियाँ हमें द्वारा देती हैं। हमें यह जानना बहुत ज़रूरी है कि अपनी देखभाल कैसे करें! अपनी नोटबुक में यह चार्ट बनाएं और भरें, ताकि आप अपनी ऑनलाइन सुरक्षा शक्तियों को पहचान सकें!

## आपकी ऑनलाइन सुरक्षा की सुपरपावर्स




कल्पना करें कि आप बीच में खड़े हैं। आपके चारों ओर सुरक्षा की तीन परतें हैं।

पहली और सबसे नज़दीकी परत है अंदरूनी ताकत: पांच चीज़ें लिखें जो आप खुद कर सकते हैं ताकि अगर कोई आपको असुरक्षित महसूस करा रहा है, ऐसे में अपने आप को शांत कर पाएं, और संरक्षित महसूस करें।

लेकिन हाँ, आप हर समस्या को खुद हल नहीं कर सकते! दूसरी परत है विश्वास का सर्कल: तीन ऐसे जाने-पहचाने लोगों के नाम लिखें, जो आपको समझते हैं और ऑनलाइन कुछ गलत होने पर आपकी मदद कर सकते हैं।

कभी-कभी, आपको हर संभव मदद की जरूरत होती है! आखिरी परत सुरक्षा खोजना कहलाती है। तीन जगहों, वेबसाइट्स या लोगों के नाम लिखें, जो आपके विश्वास का सर्कल के बाहर हैं पर आपकी विशेष सहायता कर सकते हैं।

### सुझाव[1]

असुरक्षित बातचीत में, ये कदम उठाए जा सकते हैं:

- उन लोगों को ब्लॉक और रिपोर्ट करें जो आपको परेशान कर रहे हैं या धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं।
- अपने 'विश्वास का सर्कल' से मदद मांगें - आप दोस्तों, परिवार और काउंसलर से तनाव से निपटने में सहायता ले सकते हैं।
- हानिकारक कमेंट्स के स्क्रीनशॉट लेना याद रखें। सभी तारीखें और विवरण नोट करें - भले ही आपको लगे कि इसे डिलीट करके भूल जाना बेहतर है। सबूत बहुत ताकतवर होता है!
- अपने दोस्तों की सूची और ऐप्स में प्राइवेसी सेटिंग्स को अपडेट करें ताकि आप तय कर सकें कि कौन आपसे संपर्क कर सकता है।
- अगर आपके दोस्त असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, तो उन्हें समर्थन दें। ऑनलाइन दयालु रहें!

1. Social Media Safety | RAINN. (n.d.).

# उत्तर

amazon future engineer

किसी ने आदिल को मुफ्त हेडफ़ोन देने के लिए मेसेज किया।


आदिल और उसके सहपाठी ने विनम्रता से एक दुसरे के साथ फिल्म की सिफारिशें साझा कीं।


आदिल की चचेरी बहन ने उसे अपना नया फोन दिखाने के लिए वीडियो कॉल किया।


आदिल का पड़ोसी उससे तुरंत उसका आधार नंबर और उसके पिता के बैंक विवरण साझा करने की मांग कर रहा है।


आदिल के कुछ सहपाठी उसे बुरे मेसेज भेजते हैं, कहते हैं कि वह बेकार है और उसे स्कूल आना बंद कर देना चाहिए।


अपने माता-पिता की देखरेख में ऑनलाइन मल्टीप्लेयर गेम खेलते समय, श्री लंका के एक खिलाड़ी ने, लड़ाई के दौरान उसकी मदद की!


आदिल का सोशल मीडिया फॉलोवर उसे रोज़ 2 बजे पास के पार्क में मिलने के लिए कहता है और यह बात अपने परिवार से छिपाने को कहता है।


आदिल का जानकार उसके दोस्त के राज़ बताने के लिए उस पर दबाव डाल रहा है।


कोई जिसे आदिल अच्छी तरह से नहीं जानता, अचानक बहुत दोस्ताना व्यवहार करता है, और उसके बारे में पहले से ही बहुत कुछ जानता है।


आदिल का पारिवारिक मित्र उसे कारण बताए बिना किसी दूसरे एप पर मेसेज करने को कहता है।


**ऐसी चीज़ें ऑफर करना जो नामुमकिन हो (जैसे एक फ्री गेम) और व्यक्तिगत जानकारी मांगना (जैसे घर का पता)।**

कूल_गेमर123: क्या तुमने नया सुपरक्वेस्ट गेम लिया?

आदिल: नहीं, पैसे बचा रहा हूँ!

मैं फ्री कॉपी दिला सकता हूँ!

पर किसी को बताना मत, यह हमारे बीच का खास राज़ है

शिपिंग के लिए तुम्हारे घर का पता क्या है?

**किसी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करना और दूसरों को उकसा कर किसी को अलग महसूस करवाना।**

नंदन: क्या किसी ने गणित का होमवर्क कर लिया?

आदिल: मैं 4 बजे करूंगा!

अनु: कोई नंदन की मदद मत करो! वो कितना बेवकूफ है...

जतिन: हाँ, उसे गलत जवाब देते हैं🤣

नंदन: प्लीज बंद करो...

अनु: टीचर को बताओगे क्या?🤣

**कोई चाल नहीं।**

बिल्डमास्टर_काई: आज की बिल्डिंग चैलेंज में आपका स्वागत है

आदिल: हाय! मैं पहली बार जुड़ रहा हूँ

डेविड: स्वागत है! आज हम ट्रीहाउस बना रहे हैं

आदिल: मुझे यह नही आता!

अर्जुन: चिंता मत करो! मैं कुछ टिप्स बताऊंगा...



@सारा भट्ट
प्राइवेट अकाउंट
📖 सेंट्रल हाई स्कूल. '27
💁 जियो. प्यार करो. हँसो!
किताबें पढ़ना, गाने गाना!




@रोबोट गेमर2050
पब्लिक अकाउंट




बीप बीप बूप बूप! मुफ्त कॉइन्स के लिए DM करो!!!!!!!
🕹️ 🎮




@मनीबैग्सगेटरिचर78_
पब्लिक अकाउंट
पैसे भेजो! जल्दी अमीर बनो!!!! स्टूडेंट्स के लिए बढ़िया मौका!!!!!!
🛒🛍️



@मीना माथुर2020_
पब्लिक अकाउंट
📌 नई दिल्ली / न्यूयॉर्क
एक के बाद एक कदम